**प्रेस विज्ञप्ति**

**18.12.2024**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नई दिल्ली ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के दो कार्यकर्ताओं थोकचोम ज्ञानेशोर उर्फ थोइबा उर्फ सिदाबामापु और लाइमायम आनंद शर्मा उर्फ इंगबा को 16.10.2024 को गिरफ्तार किया था और 12.12.2024 को माननीय पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी। माननीय न्यायालय ने 18.12.2024 को अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है। वर्तमान में दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) एक अभिनिषिद्ध आतंकवादी संगठन है जिसकी स्थापना 1964 में मणिपुर को भारत से स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से की गई थी। इसकी एक सशस्त्र शाखा भी है जिसे मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए) कहा जाता है। थोकचोम ज्ञानेशोर यूएनएलएफ के सैन्य कर्मियों के स्वघोषित मुखिया थे और यूएनएलएफ के विदेश और क्षेत्रीय मामलों के विभाग (ईआरएडी) के स्वघोषित सचिव भी रहे। लाइमायम आनंद शर्मा यूएनएलएफ के स्वघोषित खुफिया अधिकारी थे।

ईडी ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा दायर प्राथमिकी संख्या आरसी-23/2023/एनआईए/डीएलआई दिनांक 19.07.2023 और आरोप पत्र संख्या 05/2024 दिनांक 07.03.2024 और पूरक आरोप पत्र संख्या एससीएस-05(ए)/2024 दिनांक 30.07.2024 के आधार पर जांच शुरू की, जो पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय म्यांमार स्थित आतंकवादी संगठनों के नेतृत्व द्वारा मणिपुर राज्य में जातीय अशांति का फायदा उठाकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने और आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए रची गई अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित थी, जिसके द्वारा मणिपुर में सुरक्षा की स्थिति खराब की गई। एनआईए ने आईपीसी, 1860 की धारा 120 बी, 121 ए और 411; गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धाराएं 17, 18, 18ए, 18बी, 20, 38 और 39 तथा शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 25 को लागू किया है, जो पीएमएलए 2002 के अंतर्गत अनुसूचित अपराध हैं।

धन शोधन निवारण अधिनियम संबंधी जांच के दौरान, यह पता चला कि यूएनएलएफ के कार्यकर्ताओं द्वारा मणिपुर के आम लोगों और व्यापारियों को धमकाकर, विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों आदि पर टोल टैक्स के अनधिकृत संग्रह/जबरन वसूली के जरिए भारी मात्रा में धन जुटाया/एकत्र किया जाता है। यूएनएलएफ के कार्यकर्ता ऐसी मांग करते समय अवैध हथियार भी रखते हैं, ताकि आम जनता को धमकाया जा सके। संग्रह/जबरन वसूली के जरिए जुटाई गई धनराशि नकद में एकत्र की जाती है, ताकि कानून प्रवर्तन अधिकारियों की जांच से बचा जा सके। उक्त धन को यूएनएलएफ द्वारा एक बड़ी साजिश के तहत जुटाया गया, जिसका इस्तेमाल यूएनएलएफ कार्यकर्ताओं की भर्ती और प्रशिक्षण, अवैध हथियार और गोला-बारूद अधिग्रहण, संगठन और इसके शिविरों के रसद और रखरखाव की व्यवस्था के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत खर्चों पर योजनाबद्ध तरीके से किया गया था।

उपर्युक्त आरोपी व्यक्तियों से जब्त डिजिटल उपकरणों के विश्लेषण से पता चला कि वे धन जुटाने, बजट तैयार करने और अवैध हथियार के अधिग्रहण में सक्रिय रूप से शामिल थे।

<u>अवैध हथियारों की खरीद और यूएनएलएफ कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में जुटाई गई धनराशि के उपयोग को दर्शाने वाले कुछ स्क्रीनशॉट इस प्रकार हैं:</u>

**ARMS LIST**

| SL.NOS | ARMS NAME | QTY | NAME | NOS | MAGAZINE | ROUND | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ruger Pistol | 1 | | 30373984 | 1 | 10 | Sir Sidabana Leirakpa |
| 2 | 303 Rifle | 1 | | 8698 | 1 | 90 | Sir Sidabana pirakpa |

**Estimated Budget For Training ,Arms and Ammunation .**

| CODE | HEAD | DETAIL | AMOUNT | S-TOTAL | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Operation | | | | 2,775,000 |
| | | | | 450,000 | |
| | 1.Training da pikhiba senpham | | 300,000 | | |

<u>थोकचोम ज्ञानेशोर के मोबाइल फोन से बरामद सशस्त्र यूएनएलएफ कार्यकर्ताओं की तस्वीर:</u>



कुछ कंपनियों को जारी किए गए निम्नलिखित डिमांड नोट भी उनके मोबाइल फोन से बरामद किए गए:

DOWN WITH INDIAN COLONIALISM

VICTORY TO OPPRESSED PEOPLES OF WESEA

## UNITED NATIONAL LIBERATION FRONT: MANIPUR
## ★ DEPARTMENT OF FINANCE ★

UNLF/DOF/NO: JY77002/07-10-2023.

To,

[redacted]

Dear Sir,

UNLF has been waging a war of national liberation of the people of Manipur against the Indian colonial rule for the last 58 years. And it is the support and contribution of the people, which has made possible this national liberation struggle.

We understand, being a domicile, you also feel obliged to share your responsibility as we are all well aware that this struggle is the only means for the survival of our nationhood against the Indian colonial subjugation. Sharing our responsibilities, a small contribution of ***Rs. 10,00,00,000/- (Rupees Ten Crore Only)*** will be of great help to the national liberation struggle.

UNLF and the people of Manipur will ever be indebted for your generous contribution to our people's great cause.

Thanking for your co-operation.

Yours truly,

*07/10/2023*
(Ch. Chingacha)
Director,
Department of Finance
UNLF

Kangla,
07 October, 2023.

DOWN WITH INDIAN COLONIALISM!

VICTORY TO OPPRESSED PEOPLES OF WESEA!

## UNITED NATIONAL LIBERATION FRONT: MANIPUR
## ★ DEPARTMENT OF FINANCE ★

Ref. No. DOF/U-DL 504/09/2023

[redacted]

Dear Sir,

Our Party, the UNLF has been fighting relentlessly against Indian Colonial Regime; so that the lost Sovereignty and Independence of Manipur can be restored once again.

As our struggle progresses forward, we are in dire financial need to fight the multi-pronged strategy of the Indian Colonial Govt. to oppress, subjugate and racially assimilate our Manipuri people to India besides continuing a repressive military occupation.

In this regard, we firmly believe that no liberation struggle could progress without active co-operation from all sections of the society, whether physically, morally, materially or financially.

Therefore, we are approaching you for your generous financial help. We earnestly request you to kindly arrange a donation of the sum of *Rs. 2,00,00,000/-* (Two crore) only, from your Company to the ongoing National People's Democratic Revolution of Manipur.

We hope you shall bear with us at this moment of our struggle. We shall ever remember your kind co-operation and contribution to our Party and hence to our liberation struggle. Also, we shall never let down your trust accorded with this donation. Thanking you.

Yours Sincerely,

18/09/2023
M. Munan
Secretary of Finance
United National Liberation Front: Manipur

Kangla,
18 September 2023

---

आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।

*****